पेज थ्री
देहरादून
हमारा दून
देहरादून, मंगलवार 21 जनवरी, 2020


सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत जेपी नड्डा के सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने जाने पर दी बधाई।



## संक्षिप्त समाचार

### बहुउद्देशीय जागरूकता शिविर 24 व 28 जनवरी को

**संवाददाता** देहरादून। सचिव व सिविल जज (सी0डि0) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देहरादून नेहा कुशवाह ने अवगत कराया है कि ने अवगत कराया है 24 जनवरी 2020 को श्यामपुर, पंचायत घर ऋषिकेश में एवं 28 जनवरी 2020 को नथुवाला पंचायती मंदिर बालावाला रोड निकट दोनाली में बहुउद्देशीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं।

### जिला पंचायत की बैठक 27 जनवरी को

देहरादून **संवाददाता**। अपर जिला मुख्य अधिकारी जिला पंचायत ने अवगत कराया है कि 27 जनवरी प्रातः 11 बजे से जिला पंचायत की बैठक जिला पंचायत सभागार में आहूत की गयी है। बैठक में गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि पर विचार, विकास कार्यों से सम्बन्धित जानकारी, बैठकों में पारित प्रस्तावों के अनुमोदन पर विचार, विकासखण्डों से मनरेगा के अन्तर्गत प्राप्त प्रस्तावों के अनुमोदन पर विचार किया जायेगा।

### बीडीसी चकराता की बैठक 22 जनवरी को

**संवाददाता** चकराता। क्षेत्र पंचायत चकराता की बैठक 22 जनवरी सुबह 11 बजे कैंट इंटर कॉलेज परिसर चकराता में आयोजित होगी। यह जानकारी देते हुए बीडीओ राजेन्द्र प्रसाद ने समस्त बीडीसी सदस्यों के साथ सम्बंधित अधिकारियों व प्रतिनिधियों से बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने की अपील की है।

### सिलाई, ब्यूटी पार्लर का कोर्स कराने के नाम पर ठगी का आरोप

**संवाददाता** विकासनगर। एनफील्ड विकासनगर निवासी महिलाओं ने एक फाउंडेशन पर सिलाई, ब्यूटी पार्लर का कोर्स कराने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने का आरोप लगाते हुए फाउंडेशन के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेबाजी की। महिलाओं ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर फाउंडेशन के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। एनफील्ड निवासी महिलाओं ने एनफील्ड ग्रांट में फाउंडेशन के खिलाफ बड़ी संख्या में एकत्र होकर प्रदर्शन किया।

### एक्सिस म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया 'एक्सिस ईएसजी इक्विटी फंड'

**संवाददाता** देहरादून। पर्यावरणीय, सामाजिक और नियामक प्रतिक्रिया पहले से कहीं अधिक तेजी से हो रही है और व्यवसायों के लिए यह बड़ी चुनौती है। हालांकि, कई व्यवसाय अपने कार्बन फुटप्रिंट या अपशिष्ट उत्सर्जन जैसी अमूर्त लागतों की अनदेखी करते हुए कठिन वित्तीय लागतध्लाभ विश्लेषण पर केंद्रित रहते हैं।

# लाखों की शराब सहित दो तस्कर दबोचे

**सफलता**

- बरामद शराब की कीमत लाखों रूपये आंकी गयी है

**संवाददाता**

देहरादून। तीर्थनगरी ऋषिकेश में शराब तस्करी के आरोप में पुलिस ने दो लोगों को भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब व तस्करी में प्रयुक्त कार सहित गिरफ्तार किया है। बरामद शराब की कीमत लाखों रूपये आंकी गयी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती देर रात कोतवाली ऋषिकेश पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में कुछ शराब तस्कर शराब डिलीवरी हेतू आने वाले है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने सभी चेकनाकों पर चौकिंग अभियान चला दिया। इस दौरान पुलिस को नटराज चौक के समीप एक संदिग्ध कार आती हुई दिखायी दी। पुलिस ने जब उसे रूकने का इशारा किया तो कार चालक कार मोड़कर भागने का प्रयास करने लगा। इस पर उसे घेर कर रोका गया।

कार सवार दो लोगों को हिरासत में लेकर जब पुलिस ने कार चौकिंग की तो उसमें रखी 10 अंग्रेजी शराब की पेटियां बरामद हुई। कोतवाली लाकर की गयी पूछताछ में उन्होने अपना नाम गगन बोहरा पुत्र महेशा बोहरा निवासी राजीव नगर धर्मपुर तथा गुलफाम पुत्र यामीन निवासी दीपनगर थाना नेहरू कॉलोनी जिला देहरादून बताया।

पुलिस ने उन्हे आबकारी अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर लिया है। बरामद शराब की कीमत 1 लाख 44 हजार रूपये बतायी जा रही है।



शराब के साथ पकड़े गए आरोपी।

### जिले के सभी न्यायलयों में राष्ट्रीय लोक अदालत 8 फरवरी को

देहरादून **संवाददाता**। सचिव सिविल जज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देहरादून नेहा कुशवाहा ने अवगत कराया है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के निर्देशानुसार जनपद के समस्त न्यायालयों में समनिय मुकदमों का सुलह–समझौते के आधार पर निस्तारण किये जाने हेतु 08 फरवरी 2020 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय लोक अदालत में फौजदारी, दीवानी, मोटर दुर्घटना प्रतिकर, परिवाद, 138 एन0आई0एक्ट आदि ऐसे सभी प्रकृति के वादों का सुलह–समझौते के आधार पर निस्तारित किये जा सकते हैं। उन्होंने अवगत कराया है कि जो पक्षकार अपने वादों को राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित करवाना चाहते हैं।

# रैंकिंग में और सुधार करने के लिए मिशन मोड में काम करना होगा

**विचार विमर्श**

- उत्तराखण्ड ने विभिन्न क्षेत्रों में अच्छा प्रदर्शन किया है। राज्य ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई हैः सीएस

**संवाददाता**

देहरादून। आईएएस वीक के अंतर्गत सोमवार को विश्वकर्मा भवन, सचिवालय के वीर चंद्र सिंह गढ़वाली सभागार में आयोजित बैठक के प्रथम सत्र में राज्य से संबंधित विभिन्न विषयों पर गहन विचार विमर्श किया गया। मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह ने कहा कि नवम्बर में राज्य स्थापना के 20 वर्ष पूर्ण होने जा रहे हैं। उत्तराखण्ड ने विभिन्न क्षेत्रों में अच्छा प्रदर्शन किया है। राज्य ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है।

गवर्नेंस इंडेक्स में उत्तराखण्ड हिमालयी व पर्वतीय राज्यों में दूसरे स्थान है जबकि ऑल इण्डिया रैंकिंग में 10वें स्थान पर है। हमें इस रैंकिंग में और सुधार करने के लिए मिशन मोड में काम करना होगा। राज्य में पर्यटन की अपार सम्भावनाएं हैं। यहां का नैसर्गिक सौन्दर्य पर्यटकों को आकर्षित करता है। परंतु प्रमुख मार्गों व पर्यटन स्थलों की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना होगा। सरकार भी कूड़ा निस्तारण व आधुनिक शौचालयों की व्यवस्था को प्राथमिकता दे रही है। कृषि, शिक्षा व स्वास्थ्य में काफी इनोवेटिव काम की शुरूआत हुई है।

जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी इनमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। नवाचार के प्रोजेक्ट सीएसआर पोर्टल पर अपलोड करें। साथ ही जिलों में की जा रही बेस्ट प्रेक्टीसेज को ऑन लाइन उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाए। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में ईज ऑफ लिविंग विषय पर सचिव विद्यालयी शिक्षा आर मीनाक्षी सुन्दरम, सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य नितेश झा, सचिव महिला कल्याण बाल विकास सौजन्या, सचिव पेयजल अरविन्द सिंह ह्यांकि, जिलाधिकारी नैनीताल सविन बंसल व जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग मंगेश घिल्डियाल ने पावर पाइन्ट प्रजेन्टेशन दिए। सचिव विद्यालयी शिक्षा आर मीनाक्षी सुन्दरम ने प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों व अन्य कार्यक्रमों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्कूली शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए वर्चुअल क्लास, सुपर 100, आनंद कार्यक्रम, जिज्ञासा आदि नवाचार किए गए हैं। विद्यालयी शिक्षा में इन्फ्रास्ट्रक्चर गैप, मानव संसाधन, गुणवत्तापरक शिक्षा, इनोवेटिव प्रेक्टिसेज, आवासीय हास्टल, छात्र कल्याण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य नितेश झा ने प्रदेश में सार्वजनिक स्वास्थ्य पर प्रस्तुतिकरण देते हुए बताया कि स्वास्थ्य उपकेंद्रों को हेल्थ एंड वैलनैस सेंटरों में अपग्रेड किया जा रहा है। इस साल के अंत तक प्रत्येक आबादी के 10 किमी के दायरे में प्राथमिक चिकित्सा सेवा की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का लक्ष्य लिया गया है।



आईएएस वीक के अंतर्गत आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह।

### न्यू स्टैण्डर्ड इपिक सम्बन्धित मतदाताओं को शीघ्र वितरित किए जाएंगे

देहरादून **संवाददाता**। जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी सी रविशंकर ने अवगत कराया है कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तराखण्ड के कार्यालय ज्ञापन के द्वारा फोटोयुक्त विधानसभा निर्वाचक नामावली 01 जनवरी 2020 की अर्हता के आधार पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य के अन्तर्गत भारत निर्वाचन आयोग के समय–समय पर जारी निर्देशों के अनुसार जनपद के 1,16,152 निर्वाचकों के '' नॉन स्टैण्डर्ड ओल्ड इपिक ' नम्बरों को '' न्यू स्टैण्डर्ड इपिक'' नम्बर में माईग्रेट कर 16 दिसम्बर 2019 को आलेख्य निर्वाचक नामावली का प्रकाशन किया जा चुका है।

उन्होंने अवगत कराया है कि ऐसे सभी निर्वाचकों हेतु नये इपिक की प्रिन्टिंग की कार्यवाही गतिमान है, नये इपिक में न्यू स्टैण्डर्ड इपिक नम्बर के साथ पुराना नम्बर का भी सन्दर्भ रहेगा। उन्होंने अवगत कराया कि आयोग द्वारा भविष्य मे ऐसे निर्वाचकों से न्यू स्टैण्डर्ड इपिक नम्बर का प्रयोग किये जाने की अपील की गई है। पोर्टल पर न्यू स्टैण्डर्ड इपिक नम्बर से ही सर्च की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी ने अवगत कराया है कि जनपद के सभी 1,16,152 निर्वाचकों, जिनके इपिक नम्बरों को न्यू स्टैण्डर्ड इपिक नम्बर में माइग्रेट किया जा चुका है, का विधानसभा निर्वाचक क्षेत्रवार एवं मतदेय स्थलवार तथा मतदातावार विवरण सर्वसाधारण के अवलोकनार्थ मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तराखण्ड की विभागीय वेबसाईट पर भी उपलब्ध है।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+







Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।